>

Title: Need to increase the scholarship being given to students belonging to the reserved category in technical institutions.

श्री मधुसूदन यादव (राजनंदगाँव): महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं कि पिछले 20 वर्ष से अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के तकनीकी शिक्षा अध्ययनरत छात्रों की छात्रवृत्ति का पुनर्निर्धारण नहीं हुआ है। तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों में इन 15-20 वर्षों में शुल्क बढ़कर तीन गुणा हो गया है, लेकिन छात्रवृत्ति नहीं बढ़ी है। इस वर्ग के लोगों के लिए इतनी राशि एफोर्ड कर पाना संभव नहीं होता है और बहुत से छात्र कर्ज लेकर शिक्षा पूरी करते हैं या फिर बीच में ही वे अपनी शिक्षा छोड़ देते हैं। इस कारण से वे अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि जिस अवधारणा के साथ छात्रवृत्ति दी गयी थी, उस अवधारणा को पूरा करने के लिए सरकार आज के शुल्क के अनुरूप अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करे। सरकार छात्रवृत्ति का पुनर्निर्धारण करे और आज के अनुसार छात्रवृत्ति दे ताकि वे बच्चे अपनी शिक्षा पूरी कर सकें।